
# बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट, छाया अंधेरा

**खास बातें**

- विद्युत व्यवस्था को लेकर नगर में आक्रोश
- नपा की उदासीनता से जनता परेशान




**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 17 जुलाई, नगर पालिका परिषद द्वारा जब से विद्युत व्यवस्था का ठेका निजी ठेकेदार को दिया है.पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था अस्त व्यस्त हो चुकी है.विद्युत की बचत करने जो विद्युत पोलों पर बल्ब लगाए गए हैं उनकी रोशनी बहुत कम है और यह बल्ब बार-बार खराब हो रहे हैं.अनेक मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है.**

शिकायत की जाती है कोई जवाब नहीं मिलता. नगर पालिका में बैठे अधिकारी कर्मचारी कह देते हैं कि विद्युत का निजी ठेका दे दिया गया है. हम कुछ नहीं कर सकते. कौन है ठेकेदार कौन देख रहा है व्यवस्था उनकी जानकारी भी विद्युत उपभोक्ताओं को नहीं है. न कोई कार्यालय है.शिकायत मिलती है.जब समय मिलता है.कर्मचारी वाहन लेकर आ जाते हैं.लाइन दुरुस्त करने उनके पास बल्ब नहीं होते.जब शिकायत होती है तो थोड़े बहुत विद्युत बल्ब भेज दिए जाते हैं.जहां साधन संपन्न दबंग लोग रहते हैं.वहां लगा दिए जाते हैं.

### दिये जा रहे मनमाने बिल

गरीब बस्तियों में रहने वाले विद्युत उपभोक्ताओं की सुनवाई नहीं होती. विद्युत बिल तो कम आने लगे इससे नगर पालिका को राहत मिली है .परंतु विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को मनमाने बिल दिए जा रहे हैं.जिनकी सेटिंग होती है उनके बिल बहुत कम आते हैं.गरीब उपभोक्ता परेशान है क्योंकि उनकी सुनवाई नहीं होती.

### नपा के कर्मी नहीं देते ध्यान

विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से गड़बड़ा रही है और स्ट्रीट लाइट का कोई औचित्य नहीं रहा क्योंकि रोशनी 100 वाट के बल्ब की तरह टिमटिमाती रहती है.नगर पालिका परिषद में पदस्थ इंजीनियर अधिकारी कर्मचारी किसी का ध्यान इस और नहीं है.पार्षदों द्वारा जो शिकायत की जाती है. अधिकारी ध्यान नहीं देते हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं.सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं चल रही है.अधिकारी कर्मचारी अपना स्थानांतरण करा लेते हैं इस कारण भी यह स्थिति बनी हुई है, गलत बिलों में विद्युत वितरण कंपनी के लोग सुधार करने से मना कर देते हैं मीटर रीडिंग वाले ने जो लिख दिया उसी को सही मानते हैं.

# अधिकारियों ने मूंग उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 17 जुलाई, अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने मूंग उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया. इस मौके पर उन्होंने उपस्थित कृषकों से चर्चा की. इस दौरान कृषकों ने बताया कि पूर्ण पारदर्शिता से उपार्जन कार्य किया जा रहा है. सर्वेयर द्वारा पास किए गए मूंग का भी निरीक्षण किया गया एवं वह एफएक्यू के अनुसार उचित गुणवत्ता का पाया गया.**

सिरोंज एवं लटेरी तहसील हेतु एक मात्र मूंग उपार्जन केंद्र मार्केटिंग सोसायटी सिरोंज को बनाया गया है. वही हाजीपुर की समिति का सहायक आपूर्ति अधिकारी के साथ औचक निरीक्षण किया गया. गोदाम में स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया. कृषकों को बांटे गए यूरिया आदि की जानकारी ली गई एवं कृषकों से चर्चा कर समिति से यूरिया वितरण के बारे में जानकारी ली गई. वही शहरी क्षेत्र की निजी खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया एवं शासन नियमानुसार निर्धारित दर पर विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया. इस दौरान दुकानदारों को हिदायत दी गई कि किसी भी प्रकार की नैनो यूरिया आदि की बोतल को टैग कर कृषक को खरीदने हेतु विवश ना किया जाए. कृषकों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के फायदों के बारे में जागरूक कर प्रेरित किया जाए. ताकि वे स्वत: उसे उपयोग में लाएं.

**एक नजर में**

### दूसरे दिन भी जारी रहा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नशा से मुक्ति अभियान अंतर्गत कार्यक्रम किया गया.कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक मो.जमीर काजी, शांतिलाल ककोडिया आरक्षक नवदीप आरक्षक पंकज ग्राम कागपुर सरपंच संतोष, स्कूल के सभी शिक्षक, जनप्रतिनिधि, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे. जिसमें करीबन 150 से 200 स्कूली छात्र छात्राए व अन्य सदस्य उपस्थित रहे.उक्त कार्यक्रम में नागरिकों को नशे से दूर रहने एवं सभी प्रकार के नशे को छोड़कर सादा जीवन शैली अपनाने की समझाइश दी गई.नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी देने के लिए हेल्प लाइन नंबर से भी अवगत कराया. उन्होंने कहा कि नशा सबसे खराब चीज है इस समाज से खत्म किया जाना बहुत जरूरी है और लोगों से अपील की है कि वह नशा ना करें.

### बागेश्वर धाम रवाना हुयी युवाओं की टोली

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर,** आनंदपुर से 16 युवाओं की टोली ने बागेश्वर धाम, छतरपुर के लिए 10 दिवसीय पैदल यात्रा प्रारंभ की. यह यात्रा प्रतिदिन लगभग 50 से 60 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पूर्ण आस्था, उत्साह और श्रद्धा के साथ की जाएगी.इस धर्मयात्रा का उद्देश्य बाबा बागेश्वर के चरणों में ध्वज अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति व जनकल्याण की प्रार्थना करना है. यात्रा के अंतिम दिन बागेश्वर धाम पहुंचकर यह युवा टोली ध्वज चढ़ाएगी.शुभम चौरसिया, रिंकू चौरसिया, अजय चौरसिया, हरिओम चौरसिया, दीपक साहू, आकाश कुशवाहा, करण रंजक, करण कुशवाहा, विशाल राव, हिमांशु चौरसिया, अनुज कुशवाहा, रवि शर्मा, शुभम सोनी, निखिल सोनी, राहुल अहिरवार, उदय कुशवाहा, लखन प्रजापति आदि मौजूद थे.

# करणी सेना पर अत्याचार की निंदा

### नारे लगा कर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर सहित सदस्यों पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्षन के दौरान हरदा पुलिस के द्वारा किए गए अमानवीय व्यवहार, लाठी चार्ज और अत्याचार की निंदा करते हुए यहां सर्व समाज के द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन पत्र एसडीएम कार्यालय कुरवाई में सौंपा गया. उज्जवेन्द्रसिंह चौहान भौंरासा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन पत्र में सरकार से लोकतांत्रिक व्यवहार करने, तथा घटना के लिए दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच कायम कर कडी कार्यवाही करने की मांग की गई है.**

नारे लगाते हुए सौंपे गए ज्ञापन पत्र में कहा गया है कि इन्दौर के एक व्यक्ति के द्वारा 18 लाख की ठगी किए जाने का मामला हरदा पुलिस के सामने लाया गया था, जिसमें पुलिस के द्वारा आरोपी से मिलीभगत की गई, फरियादी आशीष राजपूत की शिकायत पर करणी सेना परिवार ने निष्पक्ष कार्यवाही की मांग किए जाने पर पुलिस हरदा ने 12 जुलाई को पहले तो एक दर्जन निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया. जिसके विरोध में 13 जुलाई को शुरू हुए शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर सहित सदस्यों पर पुलिस बर्बारता से टूट पडी और लाठी चार्ज कर सैकडों कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया, उन पर आंसू गैस के गोले छोडे गए. राजपूत समाज के छात्रावास में मौजूद छात्राओं तथा परिजनों पर भी लाठीचार्ज कर बर्बरता पूर्ण कार्यवाही की गई है. इस तरह की अमानवीय और अलोकतांत्रिक कार्यवाही की सर्व समाज के द्वारा घोर निन्दा की जाती है. घटना में गिरफतार किए गए सभी आन्दोलनकारियों को तत्तकाल रिहा करने की मांग करते हुए अनेक लोगों ने ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं.ज्ञापन पत्र सौंपने बालों में लालसिंह चैहान, उदयराजपूत, टिंकू राजपूत, राजेन्द्रसिंह राजपूत, सुरेन्द्र राजपूत, ज्योतिबना डाक साहब, अंकित, मन्टू, अनुज, बदनसिंह, मलखान, विक्रांत, प्रदीप, झारसिंह, संजय, नाहरसिंह, बबलू राजपूत, छगन, रामू भदौरिया, अनिल राजपूत, आकाष, नयन, आदित्य चैहान, राहुल राजपूत अभिषेक, प्रमुख रूप से शामिल थे.

# स्वच्छता सर्वेक्षण में सिरोंज नपा ने लगाई छलांग

### सिरोंज नपा की नेशनल रैंक 43वीं स्टेट रैंक 42 रही




**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में सिरोंज नगर पालिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 50 हजार से 1 लाख की जनसंख्या के शहर में नेशनल रैंक 43 व स्टेट रैंक 42 हासिल की है. उक्त जानकारी देते हुए सीएमओ रामप्रकाश साहू एवं नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के तहत सिरोंज नगरीय क्षेत्र में अप्रैल एवं मई माह में स्वच्छता सर्वेक्षण टीम द्वारा सर्वेक्षण का कार्य किया गया. जिसका परिणाम आज घोषित किया गया. जिसमें 50 हजार से 1 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में सिरोंज नगरपालिका की नेशनल रैंक 824 में से 43 व स्टेट रैंक 378 में से 42 रही.**


उन्होंने बताया कि बीते वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2023-24 में 50 हजार से 1 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में सिरोंज नगरपालिका की नेशनल रैंक 728 में से 227 व स्टेट रैंक 378 में से 112 रही थी. जबकि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में सिरोंज नगरपालिका की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है. उन्होंने बताया कि सिरोंज नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर में विभिन्न कार्य कराए गए. जिससे नगर पालिका की रैंकिंग में सुधार हो सके. वही शहर की जनता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार हेतु काफी सहयोग किया गया. जिससे इस बार सिरोंज नगरपालिका की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है. उन्होंने बताया कि सक्सेस सर्वेक्षण में जिला स्तर पर भी सिरोंज नगरपालिका की रैंकिंग काफी अच्छी रही है. उन्होंने इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारी एवं जनता का आभार जताया है.

### नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत छात्रों को किया जागरूक



**नवभारत न्यूज**

**गुलाबगंज,** गुण सागर विद्या विहार हाई स्कूल, गुलाबगंज में आज नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का संयोजन जन साहस संस्था एवं मध्यप्रदेश पुलिस के संयुक्त प्रयासों से हुआ.कार्यक्रम में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया एवं नशा मुक्त जीवन की प्रेरणा दी गई.जन साहस संस्था के सदस्यों ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के सरल उपाय भी बताए.इस अवसर पर गुलाबगंज थाना के उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, जन साहस संस्था के प्रतिनिधि एवं विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे.विद्यालय के संचालक ने इस पहल की सराहना की.



# सड़कों पर आवारा मवेशी बने दुर्घटना का कारण

**नवभारत न्यूज**

**पीपलखेड़ा,** पीपलखेड़ा का मेन रोड जो कि हाईवे के रूप में पहचाना जाता है.आवारा और घरेलू पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है.यह पशु दिनभर हाईवे पर घूमते रहते हैं. इससे राहगीरों को परेशानी होती है. खासकर काली माता चौक के आसपास क्योंकि यहां पर कन्या माध्यमिक शाला स्थित है. मवेशी के कारण दो पहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है.कई बार मोटरसाइकिल चालकों के सामने अचानक आये जानवरों से टकराकर गिर जाते हैं. जिन्हें गंभीर चोट आती हैं.सिर्फ सड़क ही नहीं यह पशु खेतों में घुसकर फसलों को भी हानि पहुंच रहे हैं.किसान रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं.

# महीनों से नहीं सचिव, ठप पड़ीं व्यवस्थायें

### बगैर सचिव के चल रही ग्राम पंचायत नटेरन




**नवभारत न्यूज**

**नटेरन, नटेरन जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नटेरन में महीनों से सचिव का पद खाली है.लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण सचिव नियुक्त नहीं हो पा रहा है.**

लगभग 1 माह पूर्व नटेरन पंचायत के सचिव का स्थानांतरण ग्यारसपुर जनपद में हो गया है. जिसके चलते जनपद पंचायत नटेरन की सबसे बड़ी नटेरन होते हुए भी रोजगार सहायक के भरोसे चल रही है.जबकि रोजगार सहायक इस समय समग्र ई केवायसी के काम में व्यस्त हैं. न ही उसके पास वित्तीय अधिकार हैं.जिससे ग्राम पंचायत के लोग अपने कामों को लेकर परेशान हो रहे हैं.एक ओर नटेरन ग्राम पंचायत जनपद मुख्यालय होने के बाबजूद जनपद पंचायत की सबसे बड़ी पंचायत है.एक माह बीत जाने के बाद भी सचिव का नियुक्त न होना यहां चर्चा का विषय बना हुआ है.

# अवैध शराब बिक्री की एसपी से की शिकायत



**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,** ग्राम पंचायत मूडरा सुरई के ग्राम सुरई मूडरा और ग्राम अंडिया खुर्द में अवैध दारू के संबंध में ग्राम पंचायत मूडरा सुरई के सरपंच प्रीतम सिंह रघुवंशी प्रवेश द्वारा एसपी को आवेदन दिया गया है जिसमें करारिया थाने के अंतर्गत आने वाले दोनों ग्राम में ग्रामवासी दारू का सेवन कर हर दिन लड़ झगड़ रहे है व ग्रामों में भय का माहौल है. छोटे छोटे बच्चे दारू खरीद कर पीना सीख रहे हैं.करारिया थाना व कागपुर चौकी पर निरंतर सूचना देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है.दोनों ग्रामों ग्राम सुरई मूडरा ब ग्राम अंडिया खुर्द के दारू बेचने वाले व्यक्तियों पर उचित दंडात्मक कार्यवाही की एसपी से मांग की है.

**गठन** बृजेश रघुवंशी प्रदेश महासचिव व पृथ्वी सिंह रघुवंशी बने प्रदेश कोषाध्यक्ष

# अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, अखिल भारतीय अंखड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की प्रदेश कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर एबं वरिष्ठजनों की सहमति से प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी द्वारा घोषित की है.**

कार्यकारिणी मे अजयसिंह बुरहानपुर,संजय सिंह अशोकनगर को कार्यकारी अध्यक्ष और बृजेश सिंह भोपाल को महासचिव ,पृथ्वी सिंह रघुवंशी बसरिया बासौदा को कोशाध्यक्ष बनाया गया है.उपाध्यक्ष केशवसिंह उदयपुरा, प्रतापसिंह अशोकनगर,ओमबीरसिंह आरोन, माधवसिंह अशोकनगर, बलबीरसिंह बिदिशा,भेरूसिंह पीतमपुर, मनोज पत्रकार खरगोन, माधवसिंह सीराबाडा,कबिन्द्रसिंह बरेली, भबानीसिंह भोपाल, बीरसिंह कक्का बिदिशा,यशबंतसिंह गुना, भारतसिंह, अजीतसिंह इंदोर, दानसिंह छिंदबाडा, मुकेशसिंह बनापुरा,गगनेन्द्रसिंह लेटेरी, लेखराजसिंह छिंदबाडा,जयसिंह इंदोर, शेखर रघुवंशी हरदा बनाए गये है बही प्रदेश महामंत्री अशोक रघुवंशी, रमेश सिंह उज्जेन,शम्भूसिंह ,बिक्की,तुलसीराम ,रणबीरसिंह, इंदोर ,संदीपसिंह , राजेन्द्र सिंह छिंदबाडा,आनंद सिवनी मालवा, जयदीप पटेल पिपरिया,योगेन्द्र सिंह शिवपुरी ,महेन्द्र सिंह ,सुरेश संगम हरिसिंह , रामकरण सिंह , हरिओमजी लुकबासा,सरदार सिंह , महेन्द्रसिंह मूडरा, पूरन सिंह, दीपसिंह गजार, हिम्मत सिंह , बदनसिंह हिनोतिया, रबिन्द्रसिंह देवरी, कमलसिंह , धर्मवीर सिंह शाढोरा,आनंदसिंह , इंद्रपाल सिंह ।, शिशुपाल सिंह चौरई, अशोकप टेल धार, योगेन्द्रसिंह , राजकुमार , संतोष ,हरिनारायण , भागीरथ सिंह शिवपुर एबं संगठन मंत्री मे राघबेन्द्र सिंह खरगोन, राजकुमार,सुरेश क्रांतिकारी, बीरेन्द्रसिंह, प्रमोद मगराना, रतिराम ,मुकेश सिंह ,संतोषसिंह भगबतसिंह, सुनील प्रतापसिंह, रमेश मुकुंदसिंह, नारायणसिंह धार,राजकुमार ,परमेश्वर सिंह पीथमपुर, हितेन्द्र सिंह पालकी, भगबानसिंह मूडरा ,सुरेन्द्रसिंह पिपरिया,राघबेन्द्र सिंह सोगागपुर, पबनसिंह संगीतालाज , खिलानसिंह पचमा,रामसेवक नटेरन, दिग्पाल सिंह रजवांस, महेन्द्रसिंह इकोदियो, सतेन्द्र सिंह सरवाय, भूपेन्द्रसिंह बरेली ,रघुनाथ सिंह चंद्रापुर, बलवीरसिंह प्राचार्य बिदिशा, राजेन्द्र सिंह खुरसुक, शिबराज सिंह जबासिया, अजमेर सिंह भोपाल,बीरेन्द्र सिंह छिंदबाडा ,बैनी सिंह चौरई,राज नर्मदापुरम, संतोषसिंह लमनया, आलोक सिंह रूढिया,शालिंगराम हरदा, अजयसिंह शिवपुरी,सुनील पांज, सुनील महिदपुर,बलवंत सिंह देवरी,महेन्द्र सिंह बर्धा, देबेन्द्रसिंह हल्के मंडीबामोरा बनाए गये है.वहीं सरक्षंक मंडल मे 31 सदस्य,कार्यकारणी सदस्य मे 45 लोगों को सम्मिलित के साथ विशेष आमंत्रित सदस्यों मे युगल रघुवंशी न्यायाधीश बैतूल,हेमंत रघुवंशी न्यायाधीश शिवपुरी, चंद्रेश रघुवंशी सिक्योरिटी मुख्यमंत्री,बिनय रघुवंशी राधा मोहनसिंह महेश्वर, जयरामसिंह भोपाल, चैनसिंह नागदा, राजेन्द्रसिंह ,जगदीश सिंह बनाए गये है.

# अतिथि शिक्षक समन्वय समिति ने कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**सांची,अतिथि शिक्षक समन्वय समिति द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष मनोहर शर्मा के नेतृत्व में आज कलेक्टर रायसेन एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि ई-अटेंडेंस प्रणाली को अतिथि शिक्षकों पर लागू न किया जाए, क्योंकि इससे अनेक व्यवहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं. समिति का कहना है कि ई-अटेंडेंस लागू करने से पहले अतिथि शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए.ज्ञापन में यह भी बताया गया कि हजारों अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं हैं.साथ ही बरसात के मौसम में नदी-नालों के उफान, जाम की स्थिति, ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या एवं बिजली की अनियमित आपूर्ति जैसी कई बाधाएं उपस्थित होती हैं, जिससे समय पर उपस्थिति दर्ज कराना संभव नहीं हो पाता.इसके अतिरिक्त फॉलआउट शिक्षकों को प्राथमिकता दिए जाने तथा वरीयता क्रम के आधार पर रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने की भी मांग की गई.समिति ने आग्रह किया कि अतिथि शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित समाधान की दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाएं.